फाल्गुन शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 4 मार्च 2025
वर्ष 6, अंक 103, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

**PAGE NO 5 : MIDDLE**

## विश्व श्रवण दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम




बरेली, अमृत विचार : विश्व श्रवण दिवस पर एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में सोमवार को जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कोक्लियर इंप्लांट सर्जरी के बाद स्वस्थ हुए बच्चों ने केक काटा और कविताएं सुनाईं। चेयरमैन देव मूर्ति, डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, प्रिंसिपल डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. रोहित शर्मा, डॉ. अमित राणा ने कार्यक्रम की शुरुआत की। आदित्य मूर्ति ने बताया कि एक कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी में करीब 6-7 लाख रुपये का खर्च आता है। 2016 में यहां कोक्लियर इंप्लांट कार्यक्रम शुरू किया। चेयरमैन ने प्रति वर्ष दो बच्चों का ऑपरेशन ट्रस्ट के फंड से कराने का वादा किया, जिसके बाद यहां ऑपरेशन शुरू किए गए। अब तक करीब 35 बच्चों की कोक्लियर इंप्लांट सर्जरी की जा चुकी है। डॉ. ममता वर्मा ने आभार जताया। संचालन कोक्लियर इंप्लांट सर्जरी के बाद स्वस्थ हुई बच्ची प्रियांशी प्रजापति ने किया।